TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

## शशिधर उज्जवल

S a t u r d a y

## 29 जून

1. **राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस–** भारत के महान सांख्यिकीवेत्ता पी. सी. महालनोविस के जन्मदिवस 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्हें भारत सरकार ने 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया है। वे 'भारतीय सांख्यिकी के जन्मदाता' माने जाते हैं। इस दिन को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2006 में की थी।

2. **अंतर्राष्ट्रीय उष्ण कटिबंधीय दिवस–** विश्व के कुल सतह का 40 प्रतिशत हिस्सा उष्ण कटिबंध में आता है। उष्ण कटिबंधीय स्थान आमतौर पर गर्म होते हैं। यहां दिन में खुब गर्मी पड़ती और वर्षा भी होती है। इस कारण यहां जैव विविधता की भरमार है। इस अनोखी असाधारण जैव विविधता के संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष 29 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय उष्ण कटिबंधीय दिवस' मनाता है।

3. **मीर जाफर बंगाल का नवाब बना–** प्लासी के युद्ध में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के सेनापति ने धोखेबाज़ी से सिराज की हत्या कर दी। अंग्रेजों की सहायता से 25 जून, 1775 ई. को मीर जाफर ने खुद को बंगाल का नवाब घोषित किया। मीरजाफर को कठपुतली बनाकर अंग्रेजों ने बंगाल का जमकर शोषण करना शुरू कर दिया। शासक बने मीरजाफर ने जब बंगाल के अत्याधिक शोषण का विरोध शुरू किया तो अंग्रेजों ने उसे हटाकर मीरकासिम को बंगाल का नवाब बना दिया। इस प्रकार मीरजाफर 1757 से 1760 ई. तक ही शासन कर पाया।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', के अध्याय 2** से जोड़कर चर्चा करें।

4. **कैमरा दिवस–** पुरानी यादों को ताजा करने और नूतन पलों को यादगार बनाने का प्रबल माध्यम है। कैमरा फोटोग्राफर की बुद्धि, तार्किक दृष्टिकोण, कल्पनाशीलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभता है। पहली बार फ्रांस के जोसफ नीपेस ने हेलियोग्राफ विकसित किया ाा, जो 1825 में दुनिया की पहली पहचान बना। बीते 200 वर्षों में कैमरे की तकनीक में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। आत मोबाइल में ही तमाम तकनीक मौजूद हैं, जिससे फोटो को मनचाहा रूप दे सकते हैं। जॉर्ज ईस्टमैन, जिन्हें अक्सर 'द फादर ऑफ इमेजेस' के रूप में जाना जाता है, ने लोगों को डिजिटल कैमरा पेश किया था।

/teachersofbihar

*Madhu priya*

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

29 जून

## मधु प्रिया


## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 29 जून




भारत सरकार 2007 के बाद से हर साल महान वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती यानी 29 जून को नेशनल स्टैटिक्स डे यानी राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के तौर पर मनाती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली की स्थापना में महालनोबिस के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रोफेसर महालनोबिस ने ही 17 दिसंबर, 1931 को देश के पहले भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की नींव रखी थी। सांख्यिकी दिवस समारोह का उद्देश्य आम लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाना है। साथ ही सरकार इसे लेकर जनता को यह समझाने का प्रयास करती है कि नीतियों को आकार देने और तैयार करने में सांख्यिकी कैसे मदद करती है।सामान्य तौर पर सांख्यिकी गणित की वह हिस्सा है, जिसमें डेटा यानी आंकड़ों का संग्रहण, प्रदर्शन, वर्गीकरण और उसके गुणों का आकलन का अध्ययन किया जाता है। सांख्यिकी आर्थिक योजनाओं और नीतियों को बनाने में मदद करती है। यह तथ्यों को सटीक और निश्चित रूप में प्रस्तुत करता है।

# जयंती विशेष 29 मई

राकेश कुमार




**प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस** *Prasanta Chandra Mahalanobis*, जन्म: 29 जून, 1893; मृत्यु: 28 जून, 1972) प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद थे। उन्हें दूसरी पंचवर्षीय योजना के अपने मसौदे के कारण जाना जाता है। वे भारत की आज़ादी के पश्चात् नवगठित मंत्रिमंडल के सांख्यिकी सलाहकार बने थे। औद्योगिक उत्पादन की तीव्र बढ़ोतरी के जरिए बेरोज़गारी समाप्त करने के सरकार के प्रमुख उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने योजनाएँ बनाई।

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.06.2024

## विद्यार्जन विषय


विद्यार्जन विषय (academic discipline) ज्ञान की किसी भी विशेष शाखा को कहते हैं। इसमें वह सभी निपुणताएँ, व्यक्ति, परियोजनाएँ, संस्थाएँ, सभाएँ और अनुसंधान क्षेत्र शामिल होते हैं जो उस विषय के साथ उल्लेखनीय रूप से सम्बन्धित हों। भौतिकी, वास्तु शास्त्र, इतिहास, इत्यादि इसके उदाहरण हैं। किसी विद्यार्जन विषय से सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों को अक्सर विशेषज्ञ (expert, specialist) कहा जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



वाराणसी से एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है जहां ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित 9 वर्ष के रणवीर भारती को एक दिन के लिए आईपीएस ऑफिसर बनाया गया। रणवीर ने हमेशा से आईपीएस बनने का सपना देखा है।







## खेल सामान्य ज्ञान

# खेल और उनके आयोजन के प्रथम वर्ष

| | |
|---|---|
| 1. एशियाई खेल | 1951 |
| 2. राष्ट्रमंडल खेल | 1930 |
| 3. क्रिकेट विश्व कप | 1975 |
| 4. ओलिंपिक खेल | 1896 |
| 5. हॉक़ी विश्व कप | 1971 |
| 6. फुटबाल विश्व कप (पुरुष) | 1930 |
| 7. शीतकालीन ओलिंपिक खेल | 1924 |

## TOB बूझो तो जानें. .



427

न सीखा संगीत कहीं पर, न सीखा कोई गीत,
लेकिन इसकी मीठी वाणी में, भरा हुआ संगीत,
सुबह सुबह ये करे रियाज, मन को भाती इसकी
आवाज ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 427

श्रेणी 6,13,28,59,X मे X का मान कितना हैं?

A. 42

B. 51

C. 81

D. 122



सही उत्तर: D

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत के गणमान्य परमाणु वैज्ञानिक
भारत के प्रथम परमाणु बम परीक्षण के
सूत्रधार, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र
के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग के
अध्यक्ष

# पीके अयंगर

के जयंती पर कोटि कोटि नमन।



जन्म- 29 जून 1931- मृत्यु- 21 दिसंबर 2011

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# राष्ट्रीय कैमरा दिवस

## 29 जून




**अविस्मरणीय एवं अनमोल पलों को यादगार बनाने के अनूठे उपकरणों में से एक कैमरा है।**


## राष्ट्रीय कैमरा दिवस

**की शुभकामनाएं।**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# 29 जून
# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस



"सांख्यिकी के पिता "कहे जाने वाले,
भारतीय वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद
भारत के पहले योजना आयोग के
सदस्य, पद्मविभूषण से सम्मानित

**प्रोफेसर प्रशांत चन्द्र महालनोबिस**

के जयंती पर सादर नमन।



जन्म-29 जून 1893, मृत्यु-28 जून 1972

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

29 जून 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बुद्धिमान व्यक्ति को जितने अवसर मिलते हैं उनसे अधिक वह पैदा करता है।

**फ्रांसिस बेकन**



राकेश कुमार